हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
07 मई 2025, समय 1810

- भारतीय सशस्त्र बलों ने मध्य रात्रि में पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया।
- विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों का पर्दाफाश हुआ है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।
- पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए करनाल से जल सेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार ने कहा है कि आतंकियों के मारे जाने से उन्हें न्याय मिला है।
- हरियाणा के सभी 22 जिलों में शाम 4 बजे से मॉक ड्रिल की जा रही है।

************************************************************************

भारतीय सशस्त्र बलों ने मध्य रात्रि में पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर स्थित आतंकी ठिकानों पर कडा प्रहार किया।सेना द्वारा इसे ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया गया। इन ठिकानों से ही भारत के विरुद्ध आतंकी हमले की योजना बनाई गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रातभर इस सैन्य कार्रवाई पर नजर बनाए रखी। नई दिल्ली में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा कल रात चलाया गया यह ऑपरेशन सिंदूर 25 मिनट का था और इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया।उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कल रात एक बजकर पांच मिनट से एक बजकर तीस मिनट तक चलाया गया।उन्होंने पत्रकार वार्ता में हमले में नष्ट किए गए आतंकवादी स्थल और सैन्य तथा नागरिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए बिना सफलतापूर्वक चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की विस्तृत जानकारी दी ।कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल भविष्य में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

************************************************************************

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों का पर्दाफाश हुआ है।भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं। रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा किए गए दावे और लश्कर-ए-तैयबा से ज्ञात सोशल मीडिया हैंडल द्वारा इसको रि-पोस्ट किया जाना इसकी पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि चश्मदीद गवाहों और विभिन्न जांच एजेंसियों को उपलब्ध अन्य सूचनाओं के आधार पर हमलावरों की पहचान भी हुई है।

****************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दोपहर राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। यह मुलाकात भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर चलाने के कुछ घंटों बाद हुई।

****************************************************************************

पहलगाम आंतकी हमले में मारे गए करनाल से जल सेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त होने और आतंकियों के मरे जाने से उन्हें न्याय मिला है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने कहा कि ऑपरेशन को सिंदूर नाम देना एक दम सही है क्योंकि आतंकियों ने हमारी बेटियों और बहनों के सामने धर्म पूछ कर उनके पतियों के निर्मम हत्या की। उन्होंने कहा की इससे आंतकी हमले के पीड़ित परिवारों को सांत्वना मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इस बदले से पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि मिली है

****************************************************************************

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा है कि आज प्रदेश के सभी 22 जिलों में शाम 4 बजे से मॉक ड्रिल की जा रही है। इसके बाद देर शाम को 7.50 बजे से 8.00 बजे तक ब्लैक आउट का अभ्यास किया जाएगा।गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि वैसे तो सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल हरियाणा के 11 जिलों के लिए अनिवार्य थी, लेकिन तैयारियों को मजबूत करने के लिए, प्रदेश के सभी जिलों में मॉक ड्रिल की जा रही है।

पंचकूला  की उपायुक्त डॉ मोनिका गुप्ता ने कहा कि सिविल डिफेंस अभ्यास आठ बजे तक जारी रहेगा।

जींद के उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा एंव पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि आज रात को जिले में ग्रामीण आंचल से शहर तक ब्लैक आउट किया जाएगा।

अम्बाला के  उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिले में रात 9 बजे तक माक ड्रिल चलती रहेगी ।

सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वो ब्लैक आउट के दौरान सभी लाइट बंद रखें।

*************************************************************************